## एक नजर में

### विधायक ने ग्रामों का किया निरीक्षण

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के कुछ ग्रामो मे भी ओलावृष्टी, बेमौसम की बारिश का असर देखने को मिला रहा है। किसानो द्वारा विधायक चंद्रशेखर देशमुख को अवगत कराने के बाद रविवार को विधायक देशमुख ने ओलावृष्टि प्रभावित ग्राम नांदकुडी, पचधार, काजली, देवडोंगरी, गौना पहुंचकर फसलों का निरीक्षण कर किसानों के दर्द को समझाते हुए तत्काल कलेक्टर से फसलो का सर्वे कर अधिक से अधिक सहायता राशि देने की बात कही। उन्होंने हर हाल मे किसानो के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।इस दौरान विधायक के साथ भजपा नेता राजेश पाठक सहित कृषि विभाग के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** महिला के साथ शारीरिक संबंध (बलात्कार) करने वाले आरोपी को सारनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरियादीया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी रोहित सूर्यवंशी निवासी पाथाखेडा द्वारा फरियादिया के बच्चों का पालन पोषण करने का लालच व शादी का झांसा देकर उसके साथ सन 2022 से लगातार शारीरिक संबंध बनाये और शादी करने से मना कर दिया। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी रोहित सूर्यवंशी के विरुद्ध अपराध 69 बीएनएस का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रोहित पिता रामा सूर्यवंशी उम्र 31 साल निवासी जेरी चौक शोभापर पाथाखेडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल बैतूल भेजा गया। इस कारवाही में निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके और आरक्षक राजेन्द्र सैनिक राजेश की सराहनीय भूमिका रही।

### मां कर्मा देवी की जयंती मनाई

**शाहपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1010 वीं जयंती शाहपुर के विजय भवन में साहू समाज द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर भव्य रैली, शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से भ्रमण करती हुई विजय भवन प्रांगण में पहुंची। जहां मां कर्मा देवी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाज साहू समाज के वरिष्ठ नागरिक, प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं अतिथि गणों का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के समय नगर परिषद शाहपुर के अध्यक्ष रोहित विक्की नायक शाहपुर भी उपस्थित रहे। साहू समाज के अध्यक्ष प्रदीप साहू द्वारा समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

### भगवान शिव के विवाह का सुनाया प्रसंग

**शाहपुर।** पतौवापुरा के खेड़ापति मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान वृंदावन से पधारे पंडित श्री राम मुद्गल शास्त्री ने भगवान शिव के विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सती महारानी अपने पिता के यहां गई। पति की आज्ञा का पालन नहीं किया, तो उन्हें जल कर भस्म होना पड़ा, इसलिए पति का घर सर्वोपरि है। विवाह होने के बाद बेटी का घर, पति का घर होता है। बेटियां सदैव शादी के बाद में मेहमान बन करके आती है।

# फेसबुक पर दोस्ती कर किया दुष्कर्म, आर्मी जवान गिरफ्तार, था फरार

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 अप्रैल. कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आर्मी जवान को महाराष्ट्र के अमरावती जिले से गिरफ्तार किया है।**

आरोपी संदीप धुर्वे पिछले एक

**अविवाहित बताकर युवती को फंसाया**

**पुलिस ने अमरावती के वरूड़ क्षेत्र से किया गिरफ्तार**

साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। उसने फेसबुक के जरिए महिला से दोस्ती की थी और खुद को अविवाहित बताकर संबंध बनाए। जिससे पीड़िता का एक बेटा भी है। पुलिस ने मुखबिर और साइबर सेल की मदद से आरोपी को अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और उसे बैतूल लाकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने पिछले साल 22 अप्रैल को अपने 3 वर्षीय पुत्र के साथ कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी फेसबुक पर संदीप धुर्वे से पहचान हुई थी। संदीप ने खुद को अविवाहित बताकर उससे प्रेम संबंध बनाए और शादी का वादा किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपी उसे महाराष्ट्र के परतवाड़ा और बाद में उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराए के मकान में रखता रहा। वहीं पीड़िता की डिलीवरी भी कराई गई। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया। जांच में पता चला कि आरोपी पहले से ही विवाहित है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी



संदीप (34) पिता मूलचंद धुर्वे (निवासी परतवाड़ा) के खिलाफ धारा 376(2)(एन) और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उस समय आरोपी मेरठ के तोपखाना कैंट में पदस्थ था।

**तबादला करवाकर दे रहा था चकमा, वरुड़ क्षेत्र से पकड़ाया**

पुलिस के मुताबिक, आरोपी को अपने खिलाफ मामला दर्ज होने की जानकारी मिल गई थी। इसके बाद उसका तबादला मेरठ से मणिपुर के लीमाकोंग और फिर नागालैंड के जखामा पोस्ट पर हो गया। वह करीब एक साल तक छुट्टी पर घर नहीं आया और पुलिस को चकमा देता रहा। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन से अपने घर परतवाड़ा आ रहा है। आरोपी ने पुलिस को भ्रमित करने के लिए बस से आने की गलत जानकारी भी दी थी। कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने अमरावती जिले के वरुड़ क्षेत्र के पास दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर 46 लाख की साइबर ठगी

**बैतूल।** ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें अज्ञात जालसाजों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता से 46,07,649 (छियालीस लाख सात हजार छह सौ उनचास रुपये) की ठगी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने थाना बैतूल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मार्च 2026 के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को न्यू बैरी केपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप एवं इंडिया इंफोलाइन लिमिटेड से जुड़ा बताकर फेसबुक के माध्यम से संपर्क किया। इसके बाद व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर उसे शेयर बाजार में निवेश के लिए प्रलोभित किया गया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता को न्यू बैरी-882 एक्सीलेंस क्राईसल एवं आईएफएल प्रोफोशनल नामक फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कराए गए। इसके पश्चात 4 फरवरी से 9 मार्च के मध्य विभिन्न किश्तों में कुल 46,07,649 की राशि निवेश की। जालसाजों द्वारा फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट में 37,39,149 का लाभ प्रदर्शित किया गया, जिससे शिकायतकर्ता का विश्वास और बढ़ गया, किन्तु जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया। आरोपियों द्वारा राशि निकालने के नाम पर 1,40,000 की अतिरिक्त मांग की गई, जिससे शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ। शिकायत के आधार पर थाना गंज बैतूल में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 319(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## खाद वितरण में लापरवाही, कृषि विकास अधिकारी निलंबित

**बैतूल। प्रदेश में उर्वरक वितरण को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से बिना ई-टोकन के उर्वरक विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध प्रभावी किया गया है।**

इसके बावजूद विकासखंड आमला में 7 खुदरा विक्रेताओं एवं 3 सहकारी समितियों द्वारा 42.805 मीट्रिक टन उर्वरक का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना सामने आया है। यह स्थिति उर्वरक वितरण व्यवस्था में निगरानी की गंभीर कमी और लापरवाही को दर्शाती है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने उप संचालक कृषि के प्रतिवेदन के आधार पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला गोपाल साहू को निलंबित कर दिया है। शासन निर्देशों की अवहेलना एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अंतर्गत कदाचार मानते हुए, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की गई है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहू को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी, कृषि अनुभाग बैतूल नियत किया गया है।

**2 कैडर प्रबंधक को भी किया निलंबित**

**पीओएस मशीन के माध्यम से किया खाद का विक्रय**

**ई-टोकन से खाद वितरण में लापरवाही पर 2 कैडर प्रबंधक भी निलंबित :** ई-टोकन प्रणाली के तहत खाद वितरण में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के निर्देश पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बैतूल के अंतर्गत अंधरिया एवं डगरिया के दो कैडर प्रबंधकों को भी निलंबित किया गया है। साथ ही जिले की सभी सहकारी संस्थाओं एवं निजी प्रतिष्ठानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उर्वरक का वितरण केवल ई-टोकन के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा तथा उनके मुख्यालय नियमानुसार निर्धारित किए गए हैं।

## मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष बने मो . इलियास

**सारनी। नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद इलियास को कांग्रेस झुग्गी झोपडी आवास हीन मजदूर महासंघ का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।**

बताया जाता है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान एवं बैतूल कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा की सहमति से झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर निकेश ईश्वर सिंह चौहान ने सारनी के पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इलियास को झुग्गी झोपड़ी महा संघ का



जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया है। वरिष्ठ नेता मोहम्मद इलियास को जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का ब्लाक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, विक्की सिंह, भगवान जावरे, वसीम खान किशोर चौहान, ज्ञानेश्वर पाटिल, राहुल पाटिल, तिरुपति एरलु, सन्नी एरलु, गौतम नागले, हेमंत धोटे, मोहम्मद ताहिर, महेंद्र भारती, भोला कांति, अप्पू खान, बाबा अख्तर, मानिक धोटे सहित कांग्रेस जनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है। मोहम्मद इलियास ने जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कहा कि झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले लोगो की समस्याओं को लेकर भी पहले काफी संघर्ष किया है। राजनीती मे मेरी शुरुआत झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ से हुई है। कांग्रेस पार्टी ने मुझे फिर से नई जिम्मेदारी दी है।

## महुआ बीनने को लेकर हुए विवाद में हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** चिचोली पुलिस ने हत्या के प्रकरण का खुलासा करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया लक्ष्मी पति खुड्डा धुर्वे उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम सिंगरईखापा ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका खेत तथा पड़ोसी राकेश धुर्वे का खेत आपस में लगा हुआ है, जिनकी मेड़ पर महुआ का पेड़ स्थित है। महुआ सीजन में दोनों पक्ष उक्त पेड़ से महुआ बीनते हैं। 3 मार्च को प्रातः लगभग 9 बजे फरियादिया के पति खुड्डा धुर्वे महुआ बीनने खेत गए थे। इसी दौरान आरोपी राकेश धुर्वे ने महुआ बीनने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घायल खुड्डा धुर्वे को उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उक्त प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उपचार के दौरान घायल खड्डा धुर्वे की मृत्यु होने पर धारा 103(1) बीएनएस सहित अन्य धाराओं (धारा 296(ए), 115(2), 351(2) बीएनएस एवं धारा 194 बीएनएसएस) से बढ़ाया जाकर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी राकेश पिता फूलचंद धुर्वे सिंगरईखापा को गिरफ्तार किया गया।

## साप्ताहिक बाजार में बदहाल स्लॉटर हाउस

**पाथाखेड़ा।** शहर में जहां एक ओर विकास और निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज़ दिखाई दे रही है, वहीं वार्ड क्रमांक 29 का साप्ताहिक बाजार प्रशासनिक उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण बनता जा रहा है। वर्षों पूर्व मांस व्यापारियों के लिए बनाए गए स्लॉटर हाउस की स्थिति आज बेहद जर्जर और उपयोगहीन हो चुकी है, जिसके चलते व्यापारी खुले में मांस विक्रय करने को मजबूर हैं। स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों के अनुसार, खुले में मांस बेचने पर प्रतिबंध के बावजूद सुविधाओं के अभाव में नियमों का पालन संभव नहीं हो पा रहा है।



शनिवार को लगने वाले इस हाट बाजार में सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं, लेकिन खुले में पशु वध और मांस विक्रय के दृश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए असहज और कष्टदायक साबित हो रहे हैं। रहवासियों ने यह भी बताया कि बाजार समाप्त होने के बाद बिखरा कचरा, सड़ी-गली सब्जियां और मांस के अवशेष अगले दिन तक सड़ते रहते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल जाती है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।मांस व्यापारियों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका परिषद सारनी को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में अब व्यापारियों और रहवासियों ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर बैतूल को शिकायत पत्र सौंपने का निर्णय लिया है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह स्थिति गंभीर जनस्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है।

## सीएमओ ने अर्जुन और गांधी वार्ड का किया औचक निरीक्षण

**बैतूल।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी नवनीत पांडेय ने 5 अप्रैल को शहर के अर्जुन वार्ड और गांधी वार्ड का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अर्जुन वार्ड और गांधी वार्ड पहुंचकर उन्होंने मौके पर ही जनसमस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अर्जुन वार्ड पार्षद नरेन्द्र हरसूले और गांधी वार्ड पार्षद वरुण धोटे उपस्थित रहे। अर्जुन वार्ड में पार्षद नरेन्द्र हरसूले ने जय सोनी के घर से गोलू प्रजापति के घर तक रिटर्निंग वाल निर्माण तथा हनुमान मंदिर से अरुण अड़लक के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग रखी। वहीं गांधी वार्ड में पार्षद वरुण धोटे ने गोलू भट्ट के मकान से दुर्गा मंदिर होते हुए चौरसिया जी से धनराज पाल के घर तक सीसी रोड, कांतिलाल मेडिकल से संदीप रागड़े के घर तक सीसी रोड और दादाजी धुनी वाले कुटी से मरकाम के घर तक आर सीसी रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य शीघ्र कराने की आवश्यकता बताई। सीएमओ ने सभी प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

## दमुआ और आमला रोड पर बनेगा स्वागत द्वार

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा शहर में दो स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। इसे लेकर शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भूमिपूजन किया।नगरीय सीमा प्रारंभ होने का संकेत हेतु नगर पालिका ने दो स्वागत द्वार लगाने की योजना तैयार की थी। विधिवत प्रक्रिया के बाद इसे स्वीकृति मिली। इसके तहत सारनी-दमुआ स्टेट हाईवे पर गोशाला के समीप व सारनी-आमला मार्ग पर मोरडोंगरी पंचायत की सीमा के समीप उक्त स्वागत द्वार लगाए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद छाया अतुलकर, प्रवीण



सोनी, एल्डरमैन विनय मदने, गोलू राजपुत, राजू साहू, उपयंत्री रविंद्र वराठे, समय पाल सुनील सहारे, दिनेश साबले, दीपक अतुलकर सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में उक्त कार्य का भूमिपूजन हुआ। दोनों स्वागत द्वार की लागत लगभग 17 लाख रूपए है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि उक्त द्वार लगने से नगर की सीमा प्रारंभ होने के संकेत आम नागरिकों को मिल सकेंगे। इसके अलावा सौंदर्याकरण भी नजर आएगा। उन्होंने कहा नगर के सौंदर्गीकरण को लेकर अन्य कार्य भी जल्द किए जाएंगे।

## अंबा भवानी मंदिर से निकली चुनरी यात्रा, नाड़े-गाड़े का आयोजन

**मुलताई।** प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम अमरावती घाट में चैत्र महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शनिवार को मां अम्बा भवानी मंदिर से भव्य चुनरी यात्रा निकली। मां अम्बा भवानी की पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया गया। चुनरी यात्रा में मां अम्बा रथ, आदिवासी ढोल ताशे, ग्राम मंगोना का वारकरी मंडल, अमृतेश्वर शिव मंदिर अमय बिडा का शुभम धूमाल, ग्राम का दुर्गा डांडिया ग्रुप, चुनर यात्रा सेवा दल और लेझिम दल, अंबे जस मंडल बाजार चौक , भारत माता की झांकी सहित अन्य झांकियां शामिल थी। यात्रा में मां अम्बा भवानी के



स्वरूप को रथ नुमा वाहन में सवार किया गया था।वही महिलाएं 151मीटर चुनरी लेकर मां अंबा के जयकारे लगाते हुए चल रही थी वहीं युवतियां और बालिकाएं डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए चुनरी यात्रा की अगवानी कर रही थी।यात्रा मे लेझिम का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र था। यात्रा में रैया दाई आदिवासी नृत्य भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। गाजे बाजे के साथ निकली चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष मां अंबे के जयकारे लगाते हुए सहभागिता दर्ज करा रहे थे। यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गो से गुजर कर मां अंबा भवानी मंदिर पहुंची जहां जयकारों के साथ पूजा अर्चना कर मां अम्बा भवानी को 151 मीटर चुनरी अर्पित की गई।यात्रा के ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम के देवी देवताओं का पूजन भी किया गया। अंबा भवानी मंदिर में महा आरती के साथ चुनरी यात्रा का समापन किया गया।जिसके बाद रविवार नाड़े गाड़े का भी आयोजन किया गया। जिसमे भगत द्वारा शरीर मे सुई से नाडे पिरोकर गाडे खींचेते हुई मां अम्बा की आराधना की। इस दौरान बडी संख्या मे श्रद्धालू उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** कोई भी प्रभावित किसान फसल सर्वे में न छूटे, क्षति की रिपोर्ट बीमा पोर्टल पर भी दर्ज कराएं

# अपर कलेक्टर ने मुलताई के ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों का किया निरीक्षण

**बैतूल। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में ओलावृष्टि एवं वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे राजस्व, कृषि, पंचायत एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया जा रहा है।**

**ओलावृष्टि एवं वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण**

**सर्वे कर फसल क्षति राहत की होगी कार्रवाई**

इसी क्रम में रविवार को अपर कलेक्टर वंदना जाट ने मुलताई क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों का दौरा कर फसल क्षति का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मुलताई



राजीव कहार, तहसीलदार संजय बैरिया, सहायक यंत्री कृषि डॉ. प्रमोद मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर श्रीमती जाट ने ग्राम परमंडल, करपा एवं चंदौरा में किसानों के खेतों में पहुंचकर गेहूं, गोभी, टमाटर एवं प्याज की फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से संवाद कर आश्वस्त किया कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वे से नहीं छूटेगा। राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग के दल द्वारा व्यवस्थित सर्वे कर फसल क्षति राहत की कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल क्षति की सूचना बीमा कंपनी के निर्धारित नंबर एवं पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। बता दे कि शनिवार दोपहर को मुलताई और आठनेर क्षेत्र में तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई थी, जिससे गेहूं की फसल के साथ-साथ खेतों में लगी सब्जी को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान का आंकलन करने के निर्देश जिला कलेक्टर बैतूल द्वारा दिये गये थे। जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

### कृषक फसल क्षति की सूचना दें

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बैतूल जिले के जिन किसानों की फसल जलभराव या अतिवृष्टि से प्रभावित हुई है, वे अपनी फसल क्षति की सूचना हेल्पलाइन नंबर 14447, व्हाट्सएप चैटबोट नंबर 7065514447 अथवा क्रॉप इंश्योरेंस एप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए किसान प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर लॉगिन करते हुए अपनी क्षति का विवरण दर्ज करें। यदि सूचना दर्ज करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसल क्षति की सूचना अनिवार्य रूप से 72 घंटे के भीतर दर्ज कराएं, ताकि समय पर राहत की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## एसडीएम, तहसीलदार ने किया गांवों का मुआयना

**आठनेर। शनिवार शाम 4 बजे अचानक मौसम के मिजाज बदलने से तहसील मुख्यालय आठनेर सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों की फसलों एवं फलदार वृक्षों एवं मकानों को नुकसान पहुंचा है।**

अनुविभागीय अधिकारी भेजदेही राजस्व अजीत मरावी, तहसील श्रीमती कीर्ति डेहरिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ललित लहरपूरे व क्षेत्रीय पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारियों का एक दल क्षेत्र में हुए नुकसान का मुआयना करने पहुंचे। आठनेर क्षेत्र के आसपास के गांव में हुए नुकसान की जानकारी हेतु जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने अनुभागीय अधिकारी अजीत मरावी को भी इस हेतु निर्देशित किया है। एसडीम भैंस दही ने बताया कि अचानक



मौसम बदलने वह आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि होने से कृषकों के फसलों को नुकसान पहुंचा है अधिकांश कृषकों की रबी की फैसले पहले कट जाने के कारण वह इस भारी नुकसान से बचे हैं किंतु फिर भी आठनेर, सातनेर, सावंगी, गुजरमाल, गुनखेड़, खापा, पुसली आदि गांवों की फसलों को नुकसान पहुंचा है उन्होंने बताया कि क्षेत्र व जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली है। गुडखेड़ के कृषक एवं ग्राम पटेल सुनील काले ने बताया कि उनकी फसल लेट होने के कारण काट नहीं पाए जिसके कारण शनिवार बेर के बराबर ओले गिरने एवं आंधी तूफान से पूरी फसल चौपट हो गई है एवं आम की फसल को भी भारी नुकसान होने की बात कही है।